हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 16 मई 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 सुशासन तिहार में पुलिस विभाग की गैर मौजूदगी पर भड़की विधायक






एक रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे संचालन

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का रेडियोलॉजी विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में लोगों को एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी सुविधाओं का लाभ बेहतर ढंग से नहीं मिल पा रहा है। रेडियोलॉजिस्ट की कमी से जूझ रहे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले दिनों में इन सुविधाओं के बंद होने का भी खतरा मंडरा रहा है। ऐसा इसलिए क्यों कि अस्पताल में कार्यरत एक चिकित्सक का बांड समाप्त हो चुका है जबकि एक अन्य चिकित्सक को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस आने का पत्र जारी कर दिया गया है जबकि एक चिकित्सक के पास इन आधुनिक उपकरणों के संचालन का अनुभव नहीं है।

**खास बात**
- कभी भी ठप पड़ सकती है एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधा

बता दें कि राजमता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व से ही एक्स-रे, सोनोग्राफी, के साथ ही अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध है जबकि अब अस्पताल में मरीजों के लिए एमआरआई मशीन की व्यवस्था भी कर दी गई है। इन मशीनों की स्थापना के बाद संभाग भर से आने वाले मरीजों को निश्चित रूप से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही है लेकिन आने वाले दिनों में इन सुविधाओं को जारी रखना मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबन्धन के लिए चुनौती साबित हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल का रेडियोलॉजी विभाग विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल में वर्तमान में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ. अनुरंजना मिंज, डॉ. सरिता सिंह व डॉ. सुयस काम कर रहे है। इनमें से डॉ. अनुरंजना मिंज का बांड समाप्त हो चुका है जिसके बाद अस्पताल से उन्हें रिलीव कर दिया गया है। वहीं डॉ. सरिता सिंह भी काफी पुरानी विशेषज्ञ चिकित्सक है लेकिन उनके पास आधुनिक सीटी स्कैन, एमआरआई मशीनों को चलाने और रिपोर्ट बनाने का अनुभव नहीं है। वहीं वर्तमान में वे बीमार चल रही है और अवकाश है। शेष बच्चे डॉ. सुयस भी मूलतः डीएचएस के स्टाफ है और उनकी पदस्थापना मैनपाट में है। वर्तमान में वे मेडिकल कॉलेज में अपनी रेडियोलॉजिस्ट के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है लेकिन अब सीएमएचओ द्वारा उन्हें भी अपनी मूल पदस्थापना स्थल पर लौटने का पत्र जारी किया गया है। ऐसे में वे भी जल्द ही अस्पताल से चले जाएंगे जिसके बाद पूरा रेडियोलॉजी विभाग ही खाली हो जाएगा और इसके बाद मरीजों की जांच प्रभावित होगी और सेवाएं बंद होने का खतरा मंडरा रहा है।


एमआरआई मशीन।

## पीजी स्टार्ट करने संसाधन लेकिन फैकल्टी नहीं

बड़ी बात यह है कि मेडिकल कॉलेज में अब पीजी की पढ़ाई भी होती है और वर्तमान में रेडियोलॉजी विभाग में एक्स-रे, सोनोग्राफी के साथ ही सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध है। इन उपकरणों की उपलब्धता के बाद मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजी में पीजी की कक्षाएं आसानी से शुरू की जा सकती है लेकिन फैकल्टी की कमी इसमें बाधा बन रही है। मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग में एक प्रोफेसर, एक एसोसिएट प्रोफेसर, 2 असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ ही एसआर की पदस्थापना होने से निश्चित रूप से पीजी की कक्षाएं शुरू हो सकती है और रेडियोलॉजी का संचालन भी आसानी से हो सकेगा। फैकल्टी की कमी दूर होने से अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं भी मिलेगी और पीजी की पढ़ाई भी हो सकेगी।

### एक विशेषज्ञ के भरोसे अस्पताल

बता दें कि संभाग के इकलौते मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दूर दूर से मरीज अपना उपचार कराने के लिए आते है। अस्पताल में प्रतिदिन 250 से 300 एक्स-रे, 60 से 70 सोनोग्राफी होते है। इसके साथ ही 40 से अधिक सीटी स्कैन हो रहे है। एमआरआई मशीन की स्थापना अभी अभी हुई है और अभी इसके सभी सॉफ्टवेयर शुरू नहीं हुए है इसके बाद भी प्रतिदिन 3 से 4 एमआरआई हो रही है। 650 बिस्तरीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले इन मरीजों के लिए वर्तमान की स्थिति में सिर्फ एक विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सुयस काम कर रहे है। एक चिकित्सक के भरोसे सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन की रिपोर्टिंग है। ऐसे में उनके लिए भी काम करना मुश्किल हो रहा है।

### एक चिकित्सक संभाल रहे व्यवस्था

रेडियोलॉजी विभाग में अभी एक विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद है। उनके द्वारा ही सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्टिंग की जाती है। एक चिकित्सक अवकाश पर है जबकि एक चिकित्सक का बांड समाप्त हो गया है। एक चिकित्सक अस्पताल की व्यवस्था संभाल रहे है।

-डॉ. आरसी आर्या
अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल



# विधायक ने किया रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर में मां महामाया कप रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। फ्लड लाईट के बीच खेले जाने वाली इस क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, जिलाध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश जायसवाल ने किया। इस दौरान विधायक ने बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

- कहा-सीएम ने दी क्षेत्र वासियों के लिए महानदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति

प्रतियोगिता के तहत पहला सद्भावना मैच सनातन इलेवन झींगों और महामाया इलेवन राजपुर बीच खेला गया। मैच में राजपुर टाउन टीम 9 विकेट से जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच करवा टीम और बूढ़ाबगीचा टीम के खेला गया। टॉस करवा टीम ने बोलिंग करने का निर्णय लिया। 10-10 ओवर के बीच में बूढाबगीचा टीम ने बैटिंग कर 108 रन बनाया था वही करवा की टीम 78 रन में ही ऑल आउट हो गई। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि महानदी पुल के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखी गई जिसपर सीएम ने घोषणा की थी, अब पुल निर्माण की स्वीकृति हो गई है। जल्द ही निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी। अब मरकाडांड और नरसिंहपुर के बीच जल्द ही पुलिया के लिए टेंडर लगने के वाला है और इस मार्ग में आने जाने ग्रामीणों को इसका मुख्यालय से लाभ मिलेगा। उपस्थित नगर वासियों ने विधायक से हाईस्कूल ग्राउंड में बाउंड्री वाल की मांग रखी जिस पर विधायक ने बनाने की घोषणा की है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार होते रहने चाहिए ताकि खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों से जुड़े रहे। भाजपा जिला महामंत्री व नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ग्राउंड में लाइट की रोशनी कमी है नगर पंचायत की ओर से और लगाने की घोषणा की है। मंच का संचालन राजा सिंह ने किया। इस दौरान आयोजन समिती अध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष विनय भगत, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, सभापति व जिला पंचायत सदस्य रवि प्रताप मरावी, राजपुर मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, उदय यादव, नरेश अग्रवाल, सतीश सिंह, संतोष पांडे, अनिल तिवारी, मनोज बंसल, योगेश यादव, बबलू यादव, संतोष तिवारी, संतोष सोनी, ललित, नूतन सोनी, रमेश सोनी, अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नगर सैनिक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पंजीयन 30 तक

**बलरामपुर।** जिला सेनानी नगर सेना बलरामपुर ने बताया कि होमगार्ड विभाग के अंतर्गत 1715 महिला नगर सैनिक (छात्रावास ड्यूटी) एवं 500 नगर सैनिक जनरल ड्यूटी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक नाप जोख एवं दक्षता परीक्षा चार संभागीय केन्द्रों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें 20137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए चयन किया गया है। परीक्षा के लिए चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची होमगार्ड के विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए अभ्यर्थियों को व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के वेबसाइट के लिंक में जाकर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्मतिथि डालकर अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं। व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पंजीयन नम्बर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। जो अभ्यर्थी व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के वेबसाइट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं करेंगे वे लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी। ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की तिथि 16 अप्रैल से 30 मई तक निर्धारित की गई है। परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून है। जिसके लिए परीक्षा केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, अम्बिकापुर को बनाया गया है।

### ट्रक की टक्कर से पिकअप सवार घायल, टली बड़ी दुर्घटना

**अम्बिकापुर।** एनएच 43 लुचकी घाट के समीप उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिकअप सवार लोगों को मामूली चोटें आई। जानकारी के अनुसार सीतापुर की आ ओर से आ रहे ट्रक जैसे ही लुचकी घाट समीप निजी स्कूल के समीप पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गया जिससे चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इसी बीच ट्रक सूरजपुर से सीतापुर की ओर जा रहे पिकअप को टक्कर मार सड़क किनारे झाड़ियों में घूस गई। अचानक ट्रक के टकरा जाने से पिकअप सवार भयभीत हो गए। गनीमत था पिकअप चालक के सजग होने के कारण सवार लोगों को मामूली चोटें आई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

# सड़क निर्माण के लिए नहीं मिले 23 करोड़ : शफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुख्यमंत्री द्वारा शहर की सड़कों के निर्माण के लिए 23 करोड़ देने की घोषणा के पांच महीने बाद भी नगर निगम को राशि नहीं मिली है। कांग्रेस ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण और जनता के साथ छल बताते हुए जल्द राशि जारी न करने पर भविष्य में मुख्यमंत्री के अम्बिकापुर दौरे पर विरोध प्रदर्शन की बात कही है।



- बारिश में होगी जनता को दिक्कत, राशि जारी नहीं हुई तो कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगर निगम चुनाव के पहले दिसम्बर 2024 में अम्बिकापुर की जन सभा मे नगर निगम क्षेत्र की सड़कों के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए 23 करोड़ रूपए की राशि देने की घोषणा की थी। शहर की अधिकांश सड़कें आज तक जर्जर है। इनमें बने बड़े बड़े गड्ढे रोज दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इस वर्ष मानसून भी समय से पहले आने का अनुमान है। बरसात से पहले सड़को का सुधार न हुआ तो सड़कों स्थिति और भी खराब हो जाएगी। बरसात में में डामर वाली सड़क का निर्माण संभव नहीं है ऐसे में समय भी कम ही शेष है। नेता प्रतिपक्ष श्री अहमद ने बताया कि इन्ही सड़को का जन अपेक्षा अनुरूप पुनर्निर्माण न हो पाने के चलते जनता कांग्रेस से नाराज थी। राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा रोड निर्माण के लिए 23 करोड़ रूपए की घोषणा से लोगो को रोड की स्थिति सुधरने की उम्मीद जगी थी। इसी उम्मीद पर शहर की जनता ने भाजपा के पक्ष में बड़ा जनादेश दिया था। आज नगरवासी खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से घोषणा अनुरूप राशि का आबंटन प्राथमिकता से अतिशीघ्र करने की मांग की है जिससे बरसात से पहले सड़को का निर्माण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात पूर्व राशि जारी न करने की स्थिति में भविष्य में अम्बिकापुर में मुख्यमंत्री के आगमन पर कांग्रेस आमजनों के साथ विरोध प्रदर्शन करेगी।

# घर में शराब बिक्री कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खैरबार में दबिश देकर संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने घर में महुआ शराब बिक्री कर रहे दो लोगों को पकड़ 25 लीटर महुआ शराब व 40 किलो महुआ लहान जब्त किया। इसी बीच एक आरोपी मुंह धोने का बहाना बनाकर टीम को चकमा देकर फरार हो गया। टीम ने दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार संभागीय उड़नदस्ता टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि कोतवाली अंतर्गत खैरबार में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर कुछ लोग बिक्री कर रहे है। सूचना पर टीम ने सुबह एक व्यक्ति को खैरबार क्षेत्र में महुआ शराब खरीदी के लिए भेजा। खैरबार के गोविंद लकड़ा एवं रामेश्वर एक्का के घर से महुआ शराब की 100-100 रुपए की खरीदी की। इधर टीम ने तत्काल खैरबार निवासी गोविंद लकड़ा एवं रामेश्वर एक्का के घर में छापामार कार्रवाई की। गोविंद




लकड़ा के घर से 16.5 लीटर महुआ शराब और 40 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया तथा रामेश्वर एक्का के घर से 9 लीटर महुआ शराब जब्त किया। इसी बीच गोविंद लकड़ा के खिलाफ कार्रवाई करने के पश्चात गोविंद लकड़ा मुंह धोने के बहाने गया और टीम को चकमा देकर सुखी नहर में कूद कर भागने लगा हालांकि टीम के सदस्यों ने उसका पीछा किया लेकिन वह भागने में सफल हो गया। जिस पर मौके पर ही गोविंद लकड़ा का फरारी पंचनामा तैयार किया गया तथा रामेश्वर एक्का को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) 34(2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। साथ ही गोविंद लकड़ा के फरार होने की सूचना न्यायालय को दी गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारु राम,अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक संगीता उपस्थित रहे।

इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि फरार आरोपी गोविंद लकड़ा को जल्द ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# झारखंड से तेंदूपत्ता खपाने आ रहे बाइक सवारों को वन अमले ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

झारखंड से तेंदूपत्ता रामानुजगंज क्षेत्र में बिक्री करने लेकर आ रहे बाइक सवारों को वन अमले ने पकड़ा। वन विभाग की टीम ने तेंदूपत्ता सहित बाइक जब्त कर अपराध दर्ज किया है।

- देर रात की गई कार्रवाई, सात वाहन जब्त

वनमण्डलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी के निर्देशन में उप वनमण्डलाधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय एवं वन परिक्षेत्राधिकारी निखिल सक्सेना के मार्गदर्शन में झारखंड राज्य से परिक्षेत्र रामानुजगंज में अवैध रूप से बाइक द्वारा



तेन्दूपत्ता परिवहन कर बीट कनकपुर के फड़ों में बिक्री हेतु लाया जा रहा था। जिसमें चार बाइक व एक स्कूटी एवं बीट चिनिया के फड़ में दो बाइक कुल 7 वाहन जिसमें तेन्दूपत्ता लगभग 4900 गड्डी जब्त किया गया। जब्त उपरान्त तेंदूपत्ता व्यापार विनियमन अधिनियम 1964 की धारा 14 के तहत कार्रवाई किया गया। वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत तेंदूपत्ता का अवैध परिवहन को रोकने हेतु उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है जिससे परिक्षेत्र के सीमावर्ती फड़ो का निगरानी किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान वनपाल विजय नाथ तिवारी, दयाशंकर सिंह, विजय सिंह पिंटू मालाकार, दिलेश्वर प्रसाद सहित अन्य वन कर्मी सक्रिय रहे।

### छत्तीसगढ़ में झारखंड से डेढ़ गुना अधिक कीमत

छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता 550 रुपय सैकड़ा है वही झारखंड में करीब डेढ़ गुना कम कीमत तेंदूपत्ता का है जिस कारण से झारखंड से बड़ी मात्रा में प्रत्येक वर्ष तेंदु पत्ता छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता खरीदी फड़ो में खपाया जाता है। प्रत्येक वर्ष वन विभाग को झारखंड से आने वाले तेंदूपत्ता को फड़ो में बिकने से रोकना एक बड़ी चुनौती होती है। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग द्वारा कनहर नदी पार कर ग्राम कनकपुर में झारखंड से तेंदूपत्ता लाने के दौरान बाइक में लोड तेंदूपत्ता को बाइक सहित पकड़ा। जब तक खरीदी होगी तब तक वन विभाग को झारखंड से आने वाले तेंदूपत्ता को रोकना बड़ी चुनौती होगी।

तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले नुकसान और रोकथाम के लिए दिया गया प्रशिक्षण

# विद्यालय परिसर में तम्बाकू खाना या सिगरेट पीना पड़ सकता है महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले नुकसान और इसके रोकथाम को लेकर दो दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. अनिल शुक्ला और सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को के नेतृत्व में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कोटपा एक्ट 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से बचाने हेतु ब्लूमबर्ग परियोजना के सहयोग से संभाग स्तरीय मितानिन कार्यक्रम अंतर्गत विकासखण्ड मितानिन समन्वयक एवं स्वास्थ्य पंचायत समन्वयकों के लिए अम्बिकापुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारियों, पंचायत सचिवों एवं करारोपण अधिकारियों को कानून की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में संयुक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने तम्बाकू नियंत्रण नीतियों, तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्था एवं तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली ढंग से मार्गदर्शन



प्रदान करते हुए सभी ज़िलों को ज़मीनी स्तर पर ठोस कार्वाई हेतु प्रेरित किया। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण हेमंत उपाध्याय ने शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों को शैक्षणिक संस्थाओं में तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्था के दिशा निर्देश अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कर संभाग के शत-प्रतिशत स्कूलों को तम्बाकू मुक्त घोषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में अब तंबाकू खाना या सिगरेट पीना शिक्षकों के लिए महंगा पड़ सकता है। जांच के दौरान ऐसा करते पाए गए तो उन्हें जुर्माना भरना पड़ेगा। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को ने तम्बाकू नियंत्रण कानून का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति तम्बाकू एवं धूम्रपान के सेवन की आदत को पूर्ण रूप से छोड़ने हेतु स्वयं दृढ़संकल्प लेकर भी कर सकता है, उसके दुष्परिणाम तुरंत नहीं दिखते किन्तु भविष्य में अनेक प्रकार की बिमारी शरीर में प्रवेश कर जाती है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र की सेवाएं, तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में अन्य विभागों की भूमिका से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि तम्बाकू चबाने से कई तरह के कैंसर हो सकते हैं। भारी मात्रा में तंबाकू का सेवन करने वालों को यह भी महसूस हो सकता है कि चबाने वाले तंबाकू की वजह से उनके दांत घिसने और दागदार होने लगे हैं, जिससे मसूड़े भी पीछे हट सकते हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र राम ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं सहित ग्राम पंचायतों को तम्बाकू मुक्त किए जाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। इस संभाग स्तरीय प्रशिक्षण में ब्लूमबर्ग परियोजना के संभागीय समन्वयक प्रकाश श्रीवास्तव, संभाग के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त करारोपण अधिकारी, समस्त ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# आरक्षक की हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार, अब तक पांच गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के सनावल के लिबरा कनहर नदी में रेत माफियाओं द्वारा ट्रैक्टर चढ़ाकर आरक्षक की हत्या करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने इस मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा इस प्रकरण में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि अभी भी शेष आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों पर हत्या, हत्या के प्रयास समेत अनेकों गंभीर धाराएं लगाई गई है।



- सनवाल के कनहर नदी किनारे की थी आरक्षक की हत्या

बता दें कि 12 मई की दरमियानी रात बलरामपुर जिले के सनावल थाना अंतर्गत ग्राम लिबरा में कनहर नदी में अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी के साथ ही चार पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। कार्रवाई के दौरान जब पुलिस ने तस्करों को रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने ट्रैक्टर से आरक्षक शिव बचन सिंह को कुचल दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल आरक्षक की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी वैभव बैंकर व आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे थे और घटना की जांच शुरू कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को झारखंड से गढ़वा धुरकी सेराजनगर खाला टोला निवासी 24 वर्षीय आरीफूल हक आ. नसीमूल हक, 41 वर्षीय जमील अंसारी आ. नसीमूल हक़, 22 वर्षी शकील अंसारी आ. इसरार अंसारी, गढ़वा भवनाथपुर अरसली निवासी अकबर अंसारी आ. स्व. नाजिम मियां को गिरफ्तार करने के साथ ही दो ट्रैक्टर जब्त किया। वहीं पुलिस ने अब इस मामले में एक अन्य आरोपी झारखंड के गढ़वा धुरकी करवापहाड़ निवासी 25 वर्षीय उपेन्द्र कोरवा आ. कृष्णा कोरवा को हिरासत में लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी उपेन्द्र कोरवा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103 (1), 109, 121 (1), 132, 221, 61(2), 3(5), 303(2), 238, 249 एवं 33(1) (ख), 52 भारतीय वन अधिनियम 1927, धारा- 04/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 के तहत गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

ARPA RIVER VALLEY
INTERNATIONAL
SCHOOL

# BEHIND EVERY SCORE, THERE'S A STORY OF HOPE AND HARD WORK

ARVIS proudly celebrates the outstanding success of our ARVISIANS in the Grade 10th & 12th Board Exams. This achievement isn't just about high scores, it's about the dedication of our ARVISIANS, the commitment of our teachers, and the unshakable trust of our parents. **Congratulations to our young achievers,** you've made us proud, not just with your marks, but with your mindset and determination.

## OUR CLASS 12TH ACHIEVERS

ADITYA RAJ MATHUR 96.8%

HARSH LAHRE 93.20%
NEHA VERMA 92.20%
ARNAV PRASAD 90.80%
ISHANT KUMAR RATNAKAR 90.40%
ABHILASH KHUTE 90.40%
PRANJAL MISHRA 90%
PRISHA SAHU 89.80%
MAHIN HUSAIN 89.80%
YASHI SHARMA 89.60%
RICHA NIRNEJAK 89.60%
RAJAT SAHU 89.60%
ADARSH KUMAR ANCHAL 89.20%
DEEPAK KUMAR CHANDRAVANSHI 89.20%
KOMAL MANGTANI 88.60%
KAVYANSH KASHYAP 88%
NIHAL SINGH RAJPAL 87.40%
MEDHANSHU BHARDWAJ 86%
MD. SAIF AHMED 86%
ANSHIKA AGRAWAL 85.80%
NEERZARA PRADHAN 85.20%

## OUR CLASS 10TH ACHIEVERS

SHUBH KACHHWAHA 98.6%

HARSHIT GUPTA 97.8%
SAKSHI KEDIA 97.6%
ADITYA SINGH 95.2%
ADVAIT PETE 94.2%
RADHIKA SAHU 93.8%
AAHANA BASKAR 92.6%
SOMYA WADHWANI 92.6%
GURVEER SINGH CHAWLA 92.4%
ANANYA YADAV 92%
SWASTIKA KESHKAR 91.6%
SAIANSH AGARWAL 90.8%
MADHUSHRI GUPTE 90.4%
ANUKRITI KUMARI 90.2%
AARUSH AGRAWAL 89.8%
VIVEK KUMAR KASHYAP 89.4%
BHAWESH PATEL 88.4%
AARADHYA GUPTA 86.8%
MILEE JANGDE 86.4%
RAGHUVEER SINGH KHARSAN 86%
BAPY MAHANANDA 85.4%

## QUALIFIED AND DEDICATED FACULTY

- Digital Learning Support
- Holistic Learning
- Support for competitive exams
- Vast subject choices
- Global Exposure
- Career Orientations
- Excellent Co-Curricular Facilities
- Expert Sport Coaches

## SUBJECT COMBINATIONS OFFERED

Maths/Biology/Commerce/Humanities with various additional subjects like....

Legal Studies | Psychology | Dance (Kathak) | Entrepreneurship | CS/IT | Yoga | Fashion Studies






# ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL

9981794669, 9669049994, 9893056085 Beside Radhasoami Satsang Beas, Dheka-Masturi Road, Bilaspur, Chhattisgarh - 495001 www.arvis.edu.in

## खबर संक्षेप

### सुमित बने रामानुजनगर भाजपा मण्डल महामंत्री



**अम्बिकापुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय एवं प्रेमनगर विधानसभा के विधायक भूलन सिंह मरावी के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के अनुशंसा में मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ने रामानुजनगर भाजपा मण्डल की कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें रामानुजनगर भाजपा मंडल पर सुमित साहू को नियुक्त किया गया है।

### राजेश गुप्ता बने भाजपा भटगांव मंडल के मीडिया प्रभारी



**सलका अघिना।** भाजपा के संगठनात्मक मजबूती की दिशा में निरंतर किए जा रहे नवाचारों के क्रम में भटगांव मंडल में एक नई नियुक्ति की गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश तथा प्रदेश संगठन प्रभारी पवन साय की अनुशंसा पर जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी और भटगांव मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता द्वारा घोषित नवीन कार्यकारिणी में राजेश गुप्ता को भटगांव मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

राजस्व पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 202201021000008 /35/अ-12/2021-2022

**// ईश्तहार/ सूचना पत्र //**

पुनरीक्षणकर्ता श्याम नारायण पाण्डेय आ. स्व. रामकृपाल पाण्डेय उम्र-53 वर्ष निवासी नगर अम्बिकापुर देवीगंज रोड, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के रा.प्र.क. 44/अ-12/2019-2020 (पक्षकार शंकर प्रसाद सोनी प्रति शासन) में पारित आदेश दिनांक 26.11.2021 से क्षुब्ध होकर छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण उत्तरवादी शंकर सोनी आ. मथुरा राम सोनी आयु 58 वर्ष, निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के इस न्यायालय में उपस्थिति के लिये प्रकरण दिनाक 26.05.2025 को नियत है।

अतः उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 26.05.2025 को इस न्यायालय में दिन के 11.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर उत्तरवादी के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अपर कलेक्टर**
**जिला सरगुजा**

**न्यायालय श्रीमान् तृतीय अपर जिला न्यायाधीश महोदय, अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)**

व्यवहार वाद क्र.-10ए/2024
पेशी दिनांक -17.06.2025
प्रोसेस नम्बर 228/25,229/25

**समंस/नोटिस**

राजेश जायसवाल -------वादी
प्रति,
पुष्पा जायसवाल व अन्य ....प्रतिवादीगण

बनाम-

1- पुष्पा जायसवाल पत्नी स्व. गुरुप्रसाद जायसवाल आयु लगभग 58 वर्ष, निवासी बौरीपारा, अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)-हाल मुकाम 12/52 मेन बिटियम ले-आउट सेकेण्ड स्टेज, बिहाइंड पोस्ट ऑफिस बैंगलुरू कर्नाटक

2- पारूल जायसवाल पुत्री गुरुप्रसाद जायसवाल आयु 35 वर्ष, निवासी 12/52 मेन बिटियम ले-आउट सेकेण्ड स्टेज, बिहाइंड पोस्ट ऑफिस बैंगलुरू कर्नाटक

----00----

विदित हो कि वादी के द्वारा संविदा के विशिष्ट पालन हेतु न्यायालय श्रीमान् तृतीय अपर जिला न्यायाधीश महोदय अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के व्यवहार वाद क्र. 10ए/2024 प्रतिवादीगण/अनावेदकगण के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त व्यवहार वाद में आपका पक्ष प्रस्तुत किया जाना है। अतएव पेशी दिनांक-17.06.2025 समय 11:00 बजे अनिवार्य रूप से आप स्वतः या अपने अधिवक्ता या ऐसे व्यक्ति के मार्फत उपस्थित होवें जो उक्त प्रकरण में आपका पक्ष प्रस्तुत कर सके। पेशी तिथि में अनुपस्थित होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। यदि पेशी तिथि को न्यायालय में अवकाश होगा तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण में सुनवाई कर अग्रीम कार्यवाही की जायेगी।

अतः आज दिनांक 9/5/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रांक द्वारा जारी किया गया।

**न्यायालय तृतीय अपर जिला न्यायाधीश**
**अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)**

### आधा दर्जन खदान प्रभावित गांव के लोगों ने संगठन का दिया साथ

# केतकी भूमिगत खदान के ठेका मजदूरों को हक दिलाने एटक ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

केतकी, गायत्री तथा आमगांव खान के प्रभावित गावों के ठेका श्रमिक अपने गांव के सरपंचों के साथ केतकी भूमिगत खदान में पहुंचकर एटक के आंदोलन को समर्थन करते हुए धरना में शामिल हुए।

**खास बात**

- 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया



विरोध प्रदर्शन करते ठेका मजदूर।

गौरतलब है कि आज गुरुवार को संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक बिश्रामपुर क्षेत्र के तत्वाधान में केतकी भूमिगत खदान के ठेका श्रमिकों द्वारा अपनी 9 सूत्रीय मांग को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन आंदोलन किया गया।कार्यक्रम में केतकी भूमिगत खदान के प्रभावित गांव के सैकड़ों ठेका श्रमिक अपने गांव के सरपंच के साथ एकत्रित हुए।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय महासचिव कामरेड अजय विश्वकर्मा ने ठेका श्रमिकों को संबोधित करते हुए बताया कि केतकी भूमिगत खदान में ठेका श्रमिकों को एचपीसी वेज देकर पेटी कॉन्टैक्टर द्वारा आधा पैसा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जाता है,जिन ठेका मजदूरों के द्वारा पैसा वापस नहीं किया जाता है,उनको काम से बैठा दिया जाता है।बैठाए गए सभी कामगारों को तत्काल काम पर वापस लिया जाए।ठेका श्रमिकों को वेतन पर्ची नहीं दिया जाता है, जिसकी वजह से कामगारों को मिलने वाले वेतन एवं अन्य भत्तों की जानकारी नहीं होती है।केतकी भूमिगत खदान में काम करने वाले ठेका श्रमिकों को किसी भी प्रकार की छुट्टी भी प्रदान नहीं की जाती है।केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों को एचपीसी वेज भुगतान ना कर मनमाने ढंग से वेतन भुगतान किया जा रहा है और उनसे बारह-बारह घंटे काम लिया जा रहा है।साथ ही उन्हें कोल इंडिया द्वारा प्रदत्त बोनस का भी लाभ नहीं दिया जाता है। खदान में काम करने वाले ठेका श्रमिकों एवं उनके परिवार को किसी भी प्रकार का चिकित्सा एवं शिक्षा का लाभ प्रबंधन प्रदान नहीं कर रही है। केतकी भूमिगत खदान के आसपास के ग्रामीणों को खदान खुलने के कई दुष्प्रभाव का सामना करना पड़ता है, जिसमें वातावरण का प्रदूषण बढ़ने के साथ ही गांव के तालाबों एवं नलकूपों का पानी सूख रहा है।ऐसे में आसपास के ग्रामीणों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार प्रदान किया जाना चाहिए परंतु कंपनी द्वारा मनमाने ढंग से जिले के बाहर से अन्य कुशल कामगारों को लाकर कम वेतन पर उनसे काम कराया जा रहा है।इस दौरान एटक के क्षेत्रीय सचिव कामरेड पंकज कुमार गर्ग, जोबगा गांव के सरपंच हितेंद्र सिंह, पोडी गांव के सरपंच खिलेंद्र सिंह, लाछा गांव के सरपंच अचंभित, केतका गांव के सरपंच राजपाल, लैंगा गांव के सरपंच भुनेश्वर सिंह ने भी आंदोलन सभा संबोधित कर कंपनी द्वारा किए जा रहे ठेका श्रमिकों के शोषण के विरोध में आवाज उठाने एवं मिलकर आगे की लड़ाई की योजना बनाने की बात कही।मंच संचालन कामरेड आरके द्विवेदी उपाध्यक्ष एटक युनियन बिश्रामपुर द्वारा किया गया।आज गुरूवार के आंदोलन में आसपास के आधा दर्जन गांव के पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## सनातन प्रवाह समिति ने की भारत माता की आरती

**अम्बिकापुर।** सनातन प्रवाह समिति द्वारा मंगलवार को आइडियल मैरिज हॉल में भारत माता की आरती का कार्यक्रम धर्म जागरण मंच के प्रांत प्रमुख राजकुमार चंद्रा, छत्तीसगढ़ वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, छत्तीसगढ़ गृहनिर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, सेवा भारती प्रांत प्रमुख तुलसी दास, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, अखिलेश सोनी तथा ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम गायिका हिमांगी त्रिपाठी के वंदे मातरम गीत से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में वाराणसी के नर्तक रंजीत चटर्जी तथा भूमि साहू ने शिव तांडव व राधा-कृष्ण रासलीला पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। गायक कलाकार गोपाल पाण्डेय ने देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति के साथ वरिष्ठ साहित्यकार विनोद हर्ष, रंजीत सारथी, डॉ.योगेन्द्र सिंह गहरवार तथा संतोष सरल ने अपनी कविताओं व गीतों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समाज के पिछड़े परिवारों को सम्मानित किया गया। अंत में भारत माता की आरती का सामूहिक गायन कर भारत माता के जयकारे लगाए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता धर्म जागरण मंच के प्रांत प्रमुख राजकुमार चंद्रा ने कहा कि भारत केवल भूमि का टुकड़ा भर नहीं है। देवता भी जहां आने को तरसते हैं वह सांस्कृतिक, वैचारिक, आध्यात्मिक व रमणीय भूमि भारत है। आज देश में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को सबक सिखाकर भारत माता का अभिमान बढ़ाया है। कार्यक्रम का संचालन कवि संतोष सरल तथा आभार प्रदर्शन सह-संयोजक विजय साहनी ने किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, पार्षद आलोक दुबे, प्रियंका गुप्ता, अजय मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, जनमेजय मिश्रा, अनुज दुबे, अर्चना पाठक, माधुरी जायसवाल, मनोज कंसारी, विशाल सिंहदेव, यश सिंह, संजय बख्शी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

राजस्व पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 202206021000008 /97/ब-121/2021-2022

**// ईश्तहार/ सूचना पत्र //**

पुनरीक्षणकर्ता श्याम नारायण पाण्डेय आ. स्व. रामकृपाल पाण्डेय उम्र-53 वर्ष निवासी नगर अम्बिकापुर देवीगंज रोड, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय के पुनरीक्षण प्रकरण कमांक. 25/अ-12/2021-2022 में पारित आदेश दिनांक 03.02.2022 जिसमें प्रकरण से संबंधित भूमि पर यथास्थिति बनाये जाने का निर्देश दिया गया है का पालन उत्तरवादीगण द्वारा नहीं किये जाने पर इसका पालन कराये जाने बावत पेश किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण उत्तरवादीगण 1. शांति सोनी पत्नी शंकर सोनी, 2. शंकर सोनी आ. मथुरा राम सोनी, निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के इस न्यायालय में उपस्थिति के लिये प्रकरण दिनांक 26.05.2025 को नियत है।

अतः उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 26.05.2025 को इस न्यायालय में दिन के 11.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर उत्तरवादीगण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अपर कलेक्टर**
**जिला सरगुजा**

## चिकित्सा विभाग में 40 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सीनियर मेट्रन सुषमा आर्गल हुईं सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर /सूरजपुर।** नर्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सभागार में आयोजित एक भावनात्मक समारोह में सेवानिवृत्त सीनियर मेट्रन श्रीमती सुषमा आर्गल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर वार्ड क्रमांक 2 निवासी श्रीमती सुषमा आर्गल ने 31 दिसंबर 1984 को बतौर स्टाफ नर्स सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में अपनी चिकित्सा सेवा यात्रा आरंभ की थी।बाद में कुछ सालों पश्चात प्रमोशन होकर वर्ष 2021 को मेट्रन बनने पश्चात जिला अस्पताल सूरजपुर में चिकित्सा सेवाएं जारी रखी, निरंतर पूरे 40 वर्षों तक उन्होंने दिन-रात रोगियों की सेवा को अपना धर्म माना,न सिर्फ दवाइयों से बल्कि अपने अपनत्व और स्नेह से उन्होंने अनगिनत जीवन में उम्मीद की किरण जगाई।विदाई समारोह के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम ने उन्हें शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए कहा कि श्रीमती सुषमा आर्गल केवल एक मेट्रन नहीं बल्कि हमारे जिला अस्पताल सूरजपुर की जीवित प्रेरणा हैं।उनके जैसे समर्पित स्वास्थ्यकर्मी विरले ही होते हैं।उक्त कार्यक्रम में अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों व डॉक्टरों ने भी मंच पर आकर उनके साथ चिकित्सा सुविधा में बिताए संस्मरण वक्त को साझा किए, इस दौरान डॉ अजय मरकाम सहित डॉ राजेश पैकरा, डॉ जेएस सरुता, डॉ प्रियंका पटेल, डॉ राजेश वैश्य सहित जिला अस्पताल के समस्त नर्स व स्टाफ मौजूद रहे।

- जिला अस्पताल में स्वास्थ्य अधिकारीयों ने विदाई समारोह आयोजित कर किया सम्मानित



## भाजपा मंडल बिश्रामपुर व शिवनंदनपुर की कार्यकारिणी घोषित, शितिकान्त स्वाईं पुनः बनाए गए महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लंबे इंतजार के बाद भाजपा मंडल बिश्रामपुर व शिवनंदनपुर के मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है, गौरतलब है कि सूरजपुर भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अनुशंसा पर भाजपा मंडल बिश्रामपुर के अध्यक्ष कैलाश सिरदार द्वारा मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है।जिसमें 45 पदाधिकारियों व सदस्यों को स्थान दी गई है।यहां पर मंडल उपाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, रामधन सिंह, सूरज सेठी, राजेश राजवाड़े महामंत्री रूकमणी सिंह, कोषाध्यक्ष अमरेश विश्वकर्मा, मंत्री विमला यादव,अर्चना लकडा, संजय जायसवाल, अवनीश सिंह, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पासवान, सह मीडिया प्रभारी राहुल खतकर, कार्यालय मंत्री श्रीमती पूजा दास के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई है। इसी तरह शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े द्वारा भी जिलाध्यक्ष की अनुशंसा पर मंडल कार्यकारिणी घोषित कर दी है,इसमें मंडल महामंत्री शितिकान्त स्वाईं बाबू व देवशरण तथा कोषाध्यक्ष मनमत बछाड़ नियुक्त किये गये हैं।

TOP IN SURGUJA

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट (मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
शुगर, थायरॉइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी), अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाइफाइड, निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन), मलेरिया
अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UIT (पेशाब में जलन), पैरों में जलन या सूजन, अनियमित महावरी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सर में दर्द), गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain and Spine Surgeon
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के वरिष्ठ बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन MBBS, MS MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ M.D. (MEDICINE), DM (Nephrology)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ... डॉ संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
18 मई 2025 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neuro Surgeon
दिनांक 1 जून, दिन रविवार
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर - सुबह 9 बजे से
डॉक्टर्स हॉउस - 02 बजे से
एसआरएस हॉस्पिटल - 04 बजे से
गायत्री हॉस्पिटल - 05 बजे से

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, कर्ज, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, बार-बार हमल गिर जाना, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, नपुंसकता, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

Dr. V.K. Patel Cosmetologist
मुँहासे, चेहरे की झुर्रियां, त्वचा का कालापन बालों का झड़ना, बुटोक्स व स्टेम सेल थेरेपी कान के बढ़े छेद बिना टांके के बन्द करना स्किन से सम्बंधित अन्य उपचार
शनिवार एवं रविवार शाम 4 से 6 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 25 मई 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
25 मई 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
प्रोस्टेट बढ़ जाना।
पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
दिनांक 21 मई 2025 दिन - बुधवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वाँस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक – 11 मई, 2025
दिन – रविवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
रविवार, 11 मई 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी.(बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजिस्ट)
डॉ.रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & Respiratory diseases)
दमा, टीबी, छाती एवं एलर्जी
दिनांक 25 मई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु सपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

## खबर संक्षेप



### वन, खनिज, जिला व्यापार एवं उद्योग और श्रम विभाग की कलेक्टर ने ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आज खनिज, श्रम, उद्योग एवं वन विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला संयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम खनिज विभाग की समीक्षा की। कलेक्टर ने रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से निरंतर निगरानी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाने की निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वीकृत रेत खदानों का संचालन पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित अनुमेय मात्रा के अनुरूप विधिसम्मत रूप से करने तथा खनिज राजस्व की समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृत खदानों से ही रेत का खनन एवं परिवहन हो तथा किसी भी अवैध स्त्रोत से आपूर्ति के मामले के कड़ी कार्रवाई की जाए। श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने श्रम विभाग के संबंधित अधिकारियों को बाल श्रम पर नकेल कसने के लिए सतत मॉनिटरिंग व निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभाग से श्रमिक पंजीयन की अद्यतन स्थिति व विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग से कलेक्टर ने संचालित स्वरोजगार योजनाओं व पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत संचालित 18 ट्रेड में ज्यादा से ज्यादा पंजीयन हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने वन विभाग की समीक्षा में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर जानकारी ली गई और तेंदूपत्ता खरीदी हेतु वन समितियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


### कुरवां एनएच 43 पर दुर्घटना रोकने लगाए गए स्ट्रीट लाइट दो माह से बंद, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें



**बिश्रामपुर।** वर्ष भर पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर रेहर गायत्री मार्ग कुरवां मोड़ से लेकर टोल बैरियर के पहले हनुमान मंदिर तक के करीब ढाई किलोमीटर क्षेत्र सहित मार्ग में पचीरा के करीब दुर्घटनाजन्य स्थल घोषित कर वहां स्ट्रीट लाइट लगाए गए थे।यह पहल जिला प्रशासन सूरजपुर की तरफ से की गई थी ताकि अंधेरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसमें एनएच प्रबंधन ने करीब एक करोड़ रुपये की निविदा निकालकर इस कार्य को ठेकेदार के माध्यम से पूरा कराया था।स्ट्रीट लाइट सहित हाई मास्ट लाइट स्थापना के बाद चिन्हित स्थलों में दुर्घटनाओं में काफी कमी आई थी, लेकिन अब पिछले दो महीने से स्ट्रीट लाइट का लाभ मिलना राहगीरों को बंद हो गया है। पहले जहां इन लाइटों के लगने से दुर्घटनाओं में कमी देखी गई थी,अब फिर से यह क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।बताया गया कि कुरवां मोड़ के पास लगे ट्रांसफार्मर में पिछले दिनो बिजली गिरने से विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई है जबकि टोल बैरियर से पहले हनुमान मंदिर के पास पीएचई द्वारा पाइप लाइन बिछाने व खोदे गए गड्ढे से केबल कट जाने से स्ट्रीट लाइट सेवा ठप्प पड़ गई है। इस पर स्थानीय निवासियों लक्षण सिंह, अशोक कुमार, केश्वर प्रसाद, श्याम लाल, जय प्रकाश, श्याम केश्वर और करमू राम ने मामले की शिकायत सूरजपुर कलेक्टर से करते हुए त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि लाइट लगाते समय एनएच अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि एक वर्ष तक रख-रखाव की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी, लेकिन अब न विभाग और न ही ठेकेदार इस ओर कोई ध्यान दे रहे हैं।

### शिकायत पर लंबित प्रकरणों का जल्द करें निराकरण : एसएसपी

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और प्रभारियों से अपराध, मर्ग व शिकायत लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। अवैध कार्यो पर पूर्णतः



अंकुश लगाने, पीड़ित-फरियादियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने, थाना के कार्यो में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्व निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही विवेचना की धीमी गति पर विवेचकों को दंडित करने की बात कही। बैठक में एसएसपी ने सड़क दुर्घटना के मामले में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा जोड़कर कार्रवाई करने, माल वाहक गाड़ियों से होने वाले दुर्घटना को रोकने के लिए पिकअप-ट्रक में सवारी बैठने वाले चालकों पर सख्ती से कार्रवाई करने की सख्त हिदायत दी। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉरलेंस की नीति अपनाते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर सख्त कार्रवाही करने, बदमाशों की निगरानी हिस्ट्रीशीट खोलने प्रतिवेदन भेजने, क्षेत्र में बेसिक व विजिबल पुलिसिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों से कहा कि सभी कार्य के प्रति जिम्मेदार बने और जवानों से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने प्रोत्साहित करें। प्रत्येक दिवस कर्तव्य का निर्वहन करते है किन्तु आगामी 1-2 दिवस की कार्ययोजना पहले से ही बनाकर रखे और अधीनस्थों से उसी अनुरूप कार्य ले। मादक पदार्थां और सूखे नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ उनकी बरामदगी के स्तर पर सुधार हेतु निर्देशित किया। बैठक में सीएसपी एसएस पैकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, सौरभ उईके, राजेश जोशी, अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिले के थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## कहा-सूचना के बाद भी नहीं आए पुलिसकर्मी

# सुशासन तिहार में पुलिस विभाग की गैर मौजूदगी पर भड़की विधायक



हितग्राहियों को आवास की चाबी देती विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत गुरुवार को राजपुर नगर पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत राजपुर के डेली सब्जी मंडी में आयोजित समाधान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह एवं जनपद अध्यक्ष विनय भगत जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान विधायक ने पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए और शिविर में गैर मौजूदगी पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकर ने कहा कि सुशासन तिहार का आयोजन पूरे उत्साह के साथ जारी है। प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बातें सुन रहा है और उनका का समाधान कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों ने यहां स्टॉल लगाकर मौजूद हैं परंतु पुलिस विभाग नदारद है। समाधान शिविर पुलिस थाना के नाक के नीचे हो रहा है ऐसे में पुलिस विभाग का न होना समझ से परे है। मेरे बुलाने के बाद पुलिस विभाग के कर्मचारी यहां नहीं आए यह ठीक नहीं है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर जोर देते हुए कहा कि विगत 14 अप्रेल को हुई नगर में सड़क दुर्घटना में पुलिस अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया। सीसीटीवी सहित सारे सबूत होने के बाद भी अभी तक उस दुर्घटना का कोई निराकरण नहीं हो पाया है तो मुझे लगता है कि ऐसे में आप लोगों का यहां रहना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत, ग्राम पंचायतों से भी बुरी स्थिति में है। उन्होंने नगर पंचायत अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से कहा कि नगर पंचायत में बहुत समस्याएं हैं आप लोग नगर पंचायत की व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर में सड़क पर वाहने खड़ी रहती है जिससे दुर्घटनाएं होती है, आप लोग सड़क के किनारे खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई करें। शिविर में वार्ड क्रमांक 06 निवासी साधना गुप्ता पति आनंद गुप्ता ने विधायक से शिकायत किया कि घर बनाने के लिए अनुज्ञा प्रमाण पत्र हेतु ब्लु प्रिंट व अन्य दस्तावेज एक प्राइवेट इंजीनियर को दिया था जिसके एवज में उक्त इंजीनियर ने मुझसे बीस हजार भी ले लिए परंतु तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक घर बनाने की अनुज्ञा प्रमाण पत्र नही दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधायक ने राजपुर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह ने कहा कि नगर में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 12-13 एवं 07 में सड़कों का डामर युक्त मरम्मत किया है आगे भी कई वार्डों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले 5 सालों के लिए नगर में विकास हेतु रोडमेप तैयार किया जा रहा है। वार्डो में बीटी सड़क निर्माण, सीसी सड़क, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन निर्माण, रिटर्निंग वाल, पाइप लाइन विस्तार, नाली निर्माण, खेल मैदान निर्माण, पुष्प वाटिका निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, शॉपिंग काम्प्लेक्स निर्माण, हॉट बाजार निर्माण, एनीकट निर्माण सहित कई विकास कार्यों हेतु लगभग 74 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विधायक से इन सभी कामों की स्वीकृति मुख्यमंत्री से कराने का निवेदन किया।

**खास बात**

- सड़क दुर्घटनाओं में सबूत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

नगर पंचायत अध्यक्ष ने विधायक से नगर में मुख्यमंत्री रिंग रोड विस्तार योजना के तहत राजपुर के तहसील कार्यालय से बकसपुर तक रिंग रोड स्वीकृत कराने की भी मांग की। समाधान शिविर में जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी लखपति दीदी सम्मान प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड राशन पीएम आवास (शहरी) प्रमाण पत्र सहित कई योजनाओं का वितरण किया। इस दौरान एसडीएम राजपुर राजीव जेम्स कुजूर, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविंद्र लाल, रेंजर महाजन साहू, पशु चिकित्सा अधिकारी राम लखन, बीएमओ रामप्रसाद राम, खाद्य अधिकारी संतोष पैकरा, दयाशंकर गुप्ता, जयसिंह सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### समाधान शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं दो बच्चों का किया गया अन्नप्राशन

**सूरजपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत केदारपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत बकिरमा, महेशपुर, हरिहपुर, विन्ध्याचल, सारसताल, केदारपुर, लक्ष्मणपुर, कोटेया, महोरा, रामेश्वरनगर, बल्देवनगर के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर अंतर्गत सभी विभागों को मिलाकर 2 हजार 625 मांग एवं 86 शिकायत, कुल 2 हजार 711 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी विभागों द्वारा अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों के निराकरण को पढ़कर शिविर में सभी को बताया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1 हजार 279 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 1 हजार 263 मांग एवं 16 शिकायत की आवेदन थे। सभी 1279 आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई आवेदकों को बताया गया। शिविर में 46 पेंशन हितग्राही को पेंशन आदेश, 7 नवीन जॉब कार्ड, 16 नवीन राशन कार्ड, 29 व्यक्तिगत शौचालय एवं 1 सामुदायिक शौचालय आदेश वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम कराया गया। शिविर में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता से दिलाने के निर्देश दिए। विधायक मरावी ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत है और इसी उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम करोली में लगा समाधान शिविर

**धौरपुर।** जनपद पंचायत लुंड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत करौली में समाधान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज के आतिथ्य में किया गया। शिविर में जनपद के ग्राम पंचायत अमड़ी, आसनडीह, बाबोली, बिल्हमा, चंगोरी, छेरमुण्डा, धौरपुर, डुमकी, ढूंढु, जोरी ककनी, करौली, कर्रा, कुदर, पड़ोली, रघुपुर के ग्रामवासी अपनी शिकायत एवं मांगों की जानकारी लेने उपस्थित हुए। सुशासन तिहार अंतर्गत 16 ग्राम पंचायतों से कुल 3851 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से कुल 3834 आवेदनों का निराकरण किया गया जबकि 17 आवेदन लंबित रखे गए हैं। मांगों के 3775 एवं शिकायतों के 76 आवेदन मिले थे जिनमें एक शिकायत का निराकरण नहीं किया जा सका है। विभागीय जानकारी के अनुसार ग्राम कुदर के भूमि टोंगरी पारा में नल-जल से पानी की आपूर्ति बंद होने की शिकायत की गई थी जिसे विभाग ने निराकृत दिखाकर पल्ला झाड़ लिया है। अभी भी गांव में पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है जिसकी शिकायत ग्रामवासियों ने एसडीएम को शिविर स्थल पर ही दिया था। विभाग को समस्या के निराकरण के लिए चार दिन का समय दिया गया है। शिविर में जि.पं. उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। विधायक प्रबोध मिंज ने अपने कार्यकाल में स्वीकृत निर्माण कार्यों की जानकारी उपस्थित ग्रामवासियों को विस्तार से दी। शिविर में 10 जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष कृष्णा पावले, उपाध्यक्ष श्रीमती जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सतीश जायसवाल, संजय जायसवाल, पूर्व विधायक भोला सिंह, वैभव सिंह, विरोध राम सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**जिपं अध्यक्ष ने किया अस्पताल का निरीक्षण-** समाधान शिविर के समापन उपरांत जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं सहित अस्पताल एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां ली। इस दौरान बीएमओ डॉ.राघवेंद्र चौबे, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता एवं मनीष सिंह उपस्थित थे।






### समाधान शिविर में किया गया आवेदनों का निराकरण

**लखनपुर।** गुरुवार को नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार में समस्त विभागों के कुल आवेदन 212 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 209 मांग एवं 03 शिकायत शामिल थे।

इनमें से नगर पंचायत लखनपुर हेतु 110 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 43 निर्माण कार्य, 24 प्रधानमंत्री आवास योजना, 7 पेयजल, 4 स्वच्छता, 18 स्थापना, 3 राशन कार्ड, 2 जन्म मृत्यु एवं 09 अन्य मांगों से संबंधित थे। इसमें सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण कर समाधान शिविर में संबोधित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा दीपक यादव, सुभाष अग्रवाल, जगदीश सिंह, अमित चौरसिया को त्रुटि सुधार कर बी 1 तथा महेश गुप्ता को ऋण पुस्तिका प्रदान की गयी। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल, नपं अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा सन्नी बंसल, पार्षद गायत्री सचिन अग्रवाल, पार्षद उर्मिला खलखो, पार्षद बबलू मझवार, पार्षद समीम उद्दीन, पार्षद पुनम साहू, पार्षद रमेश कुमार जायसवाल, पार्षद बघोलन राम, पार्षद राजेश सोनवानी, राजेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र साहू राकेश साहू नरेन्द्र पाण्डेय, बृजेन्द्र दुहलिया, सुभाष अग्रवाल, एवं एसडीएम उदयपुर बनसिंह नेताम, नायब तहसीलदार लखनपुर उमेश तिवारी, सीएमओ विद्यासागर चौधरी, राजस्व निरीक्षक संजय सिंह, पटवारी बदन सिंह पैंकरा, असीम शुक्ला, बैंक कर्मचारी सुप्रिया दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी आदि मौजूद थे।



### पीएम आवास निर्माण में लापरवाही तीन पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़।** जिले में आवास निर्माण की प्रगति को लेकर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज खरसिया और तमनार के सीईओ जनपदों के साथ अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सब इंजीनियर्स, कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक एवं तकनीकी सहायकों की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में ली।

बैठक में समीक्षा के दौरान आवास निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर तीन सचिवों को सीईओ जिला पंचायत यादव ने निलंबित कर दिया है। जिसमें जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम पंचायत घघरा सचिव राजेश सारथी, ग्राम पंचायत बरगढ़ के सचिवश्री कमलेश्वर राठिया एवं ग्राम पंचायत सूती की सचिव माधुरी सिदार को निलंबित कर दिया गया है। बैठक के दौरान सीईओ ने सभी पंचायतों में चल रहे पीएम आवास निर्माण के प्रगति के बारे में पंचायतवार जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पिछले 15 दिनों के दौरान फील्ड में किए गए निरीक्षण और हितग्राहियों से मुलाकात के संबंध में जानकारी ली। सीईओ ने इन निरीक्षणों के दौरान हितग्राहियों के द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। सीईओ यादव ने कहा कि पीएम आवास का काम सर्वोच्च प्राथमिकता का है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी आवास निर्माण की प्रगति के लिए दिए गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। आगे नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### महिला स्वास्थ्यकर्मी की मृत्यु के बाद पति को दी गई अनुग्रह राशि

**सीतापुर।** शासकीय सेवा के दौरान महिला स्वास्थ्यकर्मी की मृत्यु के बाद उसके परिजनों को अनुग्रह राशि प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पीड़ति परिवार के घर जाकर मृतिका के पति को अनुग्रह राशि के रूप में 50 हजार का चेक दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ललितपुर में कार्यरत आरएचओ लखमुनि तिर्की की 14 मई को निधन हो गया था। महिला स्वास्थ्यकर्मी के निधन के बाद शासन के नियमानुसार विभाग द्वारा दी जाने वालों अनुग्रह राशि पीड़ति परिवार को प्रदान की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मार्टिन निकुंज, बलभद्र सिंह ठाकुर एवं लेखपाल देवीदयाल चौधरी ग्राम रजौटी मुड़ापारा स्थित मृतक के घर पहुंचे जहां परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतिका के पति बुधराम भगत को अनुग्रह राशि के रूप में 50 हजार का चेक प्रदान किया।



### सद्भावना ग्राम तकिया में उर्स को लेकर तैयारियां जोरों पर

**अंबिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में होने वाले सालाना उर्स को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस बीच जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने तकिया ग्राम पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उर्स के दौरान होने वाली भीड़ और आवागमन व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बता दें की सद्भावना ग्राम तकिया में 20, 21 और 22 मई को हजरत बाबा मुरादशाह, हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 20 मई को सदर रोड स्थित जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाला जाएगा जो शहर भ्रमण करते हुए सद्भावना ग्राम तकिया पहुंचेगा। जुलूस के बाद मजार में चादर पोशी की जाएगी। इसके साथ ही 21 और 22 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। इस बार उर्स में 21 मई को उत्तर प्रदेश के कव्वाल शाकिब शाबरी और दिल्ली की कव्वाला जारा वारशी के बीच मुकाबला होगा जबकि 22 मई को मुंबई के कव्वाल हामिद हुसैन और दिल्ली की कव्वाला जारा वारशी के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि उर्स की तैयारियों को लेकर अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, एसडीएम फगेश सिन्हा के साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान उर्स में होने वाली भीड़, आवागमन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

- अधिकारियों ने किया निरीक्षण



## कुम्दा कॉलोनी में पानी के लिए तरस रहे कोलकर्मियों के परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- भीषण गर्मी में पोखरी के जलस्तर नीचे गिर जाने से फ़ल्टिर प्लांट पम्प से पानी सप्लाई हुई बंद
- इसी पोखरी से किसान भी मोटर लगाकर खेतों में दे रहे पानी



भीषण गर्मी में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत कुमदा कॉलोनी में पानी सप्लाई और पेयजल स्थिति और भी विकराल हो गई है। यहां के लगभग 1 हजार श्रमिक परिवार दूसरी बार जल संकट की चपेट में आ गए हैं।कॉलोनी के घरों में नल सूख गए हैं, टंकियां खाली हैं और पसीने से तर-ब-तर लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं।

इसका मुख्य कारण पोखरी का जल स्तर नीचे गिर जाने को बताया गया है, यहाँ फिल्टर प्लांट पंप हाउस से जुड़े इस जलाशय का जलस्तर इन दिनों इतनी तेजी से गिरा है कि मोटर पंप अब पानी खींच पाने में असमर्थ हैं। लेकिन इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उसी जलाशय से खेती के लिए बड़े पंपों से पानी खींचा जा रहा है, जिससे जल स्तर और तेज़ी से नीचे गिर गया।पिछले 15 दिनों से कॉलोनी में जल आपूर्ति बाधित है,और बीते दो दिनों से अब तो पूरी तरह से व्यवस्था ठप्प हो चुकी है। फिल्टर फोरमैन इंचार्ज प्रेम जायसवाल बताते हैं कि हमने कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा, समस्या को लेकर चेताया, पर प्रबंधन पर कोई असर नहीं पड़ा।विगत माह 28 अप्रैल को फिल्टर प्लांट फोरमैन इंचार्ज द्वारा जल आपूर्ति ठप्प होने पर तत्काल समस्या के निराकरण हेतु एसईसीएल प्रबंधन को लिखित पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया कि सिविल विभाग द्वारा दोनों पोखरी के बीच मिट्टी कटाव एवं सामान्य सेल की कटौती की आवश्यकता है एवं पंप साइट सेक्शन पाइप के तरफ 6 से 7 फीट गहरा कर आरसीसी ब्रिक वाल लगाने की तत्काल आवश्यकता है जिससे जल संचयन की व्यवस्था बन पाएगी, यदि इस कारगर विधि को नहीं अपनाया गया तो आने वाले समय में पेयजल की विकराल समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यह केवल जल संकट नहीं, श्रमिकों के आत्मसम्मान की लड़ाई बन चुकी है।श्रमिक संगठनों ने कहा है कि इस संबंध में कई बार एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन हर बार केवल कोरे आश्वासन ही मिले। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो जल आंदोलन की शुरुआत की जाएगी।

